संख्या-10/2023/26ई/23-11-2023/010-1-2-74-2018टी0सी0

प्रेषक,

प्रभुनाथ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 08 जनवरी, 2023**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2022-23 में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के चालू कार्यो पर धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-2625/CE-SEB/ROB/BAR/2022-23, दिनांक 28-12-2022, पत्र संख्या-2626/CE-SEB/ROB/LKO/2022-23, दिनांक 28-12-2022, पत्र संख्या-2640/CE-SEB/ROB/ADY/2022-23, दिनांक 29-12-2022, पत्र संख्या-2723/CE-SEB/ROB/PRJ/2022-23, दिनांक 07-01-2023 एवं पत्र संख्या-2724/CE-SEB/ROB/KNP/2022-23, दिनांक 07-01-2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के अधोलिखित तालिका में अंकित 06 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 2036.82 लाख (रू0 बीस करोड़ छत्तीस लाख बयासी हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	सेतु अंश/ प्रावैधिक/ बचत उपरान्त की लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-57	अनु0 सं0-83	योग
1	जनपद बरेली में बरेली-नैनीताल मार्ग (एस0एच0-37) स मिनी बाईपास मार्ग पर पूर्वोत्तर रेलवे के सम्पार संख्या-242स्पेशल किमी0 312/3-4 पर स्थित आई0वी0आर0 आई0 के निकट 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य।	5697.57	3454.07 3431.63	2741.29	**543.92**	**146.42**	**690.34**
2	जनपद लखनऊ के अन्तगेत राजाजीपुरम् में बने आर0ओ0बी0 (सम्पार संख्या-218ए) से लक्ष्मीबाई चिकित्सालय की तरफ क्लोवर लीफ का निर्माण ।	1270.65	1270.65 1057.56	949.32	**43.62**	**11.74**	**55.36**
3	जनपद अयोध्या में एन0एच0-27 बाईपास से निकलकर महोबरा बाजार होते हुए श्रीराम जन्म भूमि तक रेलवे सम्पार संख्या-111बी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	12220.79	10300.79 8824.36	7941.92	**347.64**	**93.58**	**441.22**
4	जनपद अयोध्या में चैदहकोशी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुण्ड स्थित रेलवे सम्पार संख्या-105 पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	9270.21	5830.21 4053.51	3648.16	**159.68**	**42.99**	**202.67**
5	जनपद फर्रूखाबाद में कानपुर-कासगंज रेल सेक्शन के सम्पार संख्या-148 पर फर्रूखाबाद-फतेहगढ स्टेशन के मध्य दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य।	3316.62	2794.27	2509.55	**114.25**	**30.76**	**145.01**
6	जनपद फतेहपुर में डी0एफ0सी0सी0 के अन्तर्गत उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज-कानपुर रेल सेक्शन के किमी0 967/9-11 रेलवे सम्पार संख्या-60ए (मुरादीपुर-बिन्दकी मार्ग) पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5949.56	3346.74 2806.05	2163.53	**395.70**	**106.52**	**502.22**
	योग:-				**1604.81**	**432.01**	**2036.82**

http://shasanadesh.up.nic.in

नियम व शर्तो/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 16,04,81,000(रूपये सोलह करोड़ चार लाख इक्यासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010516 रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के चालू कार्यों हेतु व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य(2) रुपये 4,32,01,000(रूपये चार करोड़ बत्तीस लाख एक हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891500 रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओ का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्यके नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या -13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(प्रभुनाथ)
विशेष सचिव।

संख्या-10/2023/26ई(1)/23-11-2023/010-1-2-74-2018टी0सी0, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
9- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
10- मुख्य कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

भवदीय,

(प्रभुनाथ)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in